**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री उमेश द्विवेदी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 23 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज जिले के हण्डिया तहसील स्थित ग्राम व परगना पिडौना (मह) में खतौनी क्रम संख्या 00879 तथा खसरा संख्या 682 राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है? | जी हाँ। |
| (ख) | क्या तालाब के रूप में कुछ भागों को कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा समतल करके पक्का अवैध निर्माण करा लिया गया है? | आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ की आख्यानुसार 0.012 हे0 आंशिक भाग पर शौचालय व गौशाला का निर्माण किया गया है। |
| (ग) | यदि हाँ, तो उक्त अवैध निर्माण के लिए कौन-कौन लोग दोषी है? | उक्त अवैध निर्माण के लिए श्री नन्दलाल यादव पुत्र गंगा प्रसाद व सखाराम पुत्र द्वारिका प्रसाद व हरिश्चन्द पुत्र बलिकरन दोषी है। |
| (घ) | क्या जनहित में उक्त तालाब का पुनः सीमांकन कराते हुए अवैध निर्माण को हटवाकर सदन को अवगत करायेंगे? | जी हाँ। न्यायालय तहसीलदार/सहायक कलेक्टर, हण्डिया, प्रयागराज में राजस्व संहिता की धारा 67 के अन्तर्गत तहसील वाद संख्या-टी202202030402597 व नन्दलाल यादव बेदखली व जुर्माना का आदेश पारित होने पर कार्यवाही की जायेगी। |
| (ङ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री